भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3843**

जिसका उत्तर दिनांक 06.04.2023 को दिया जाना है

## स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर

**3843 श्री सुशील कुमार गुप्ता :**

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कई विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि सरकार को स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) स्थापित करने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि यह देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सहायक होने के साथ ही पुराने हो रहे ताप विद्युत संयंत्रों को प्रतिस्थापित कर सकते हैं; और

(ख) यदि हां, तो एसएमआर स्थापित करने के बारे में सरकार की क्या राय है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) विश्व के कई देश छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) के अभिकल्प पर कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा बड़ी संख्या में रिएक्टर अभिकल्प प्रस्तुत किए गए हैं। भारत में कई विशेषज्ञ भारत में एसएमआर के उपयोग की संभावना और तापीय विद्युत संयंत्रों की अवस्थिति सहित संभावित उपयुक्त स्थलों पर भी चर्चा कर रहे हैं।

(ख) अब तक इस मामले में कोई नीति निर्णय नहीं हुआ है।

* * * * *